रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/96 REGISTERED No. DL—33001/96

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 9, 1996 (फाल्गुन 19, 1917)
No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 9, 1996 (PHALGUNA 19, 1917)

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	275
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	195
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और सांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	1
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	287
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे मामलों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	195
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	189
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अन्य द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	---
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	2949
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	47
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को वर्णन वाला अनुपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	275
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	195
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence . .	1
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	287
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)— Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories).	*
PART II—SECTION 3—SUB SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories) .	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence .	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India .	195
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	189
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2949
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies .	47
PART IV—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Follos not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1996

सं. 14-प्रेज/96—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्ति को उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "कीर्ति चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार राजदान (आई सी-36909) पैरा
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 अक्तूबर 1994)

8 अक्तूबर, 1994 को प्रातः 6 बजे 6 राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन के स्थानापन्न कमान अफसर लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार राजदान अपनी दो कम्पनियों सहित जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के दमहाल हुजपुर क्षेत्र में खोजी एवं मुठभेड़ मिशन पर गए थे। अपराह्न 5 बजे जब वे लौट रहे थे तो उन्हें सूचना मिली कि नंदमर्ग गांव के एक मकान में कुछ हथियार/गोलाबारूद छिपे होने की संभावना है।

लगभग पांच घंटे चलने के बाद ये और इनका दल संदिग्ध मकान पर पहुंचे और उसकी घेराबंदी कर दी। लेफ्टिनेंट कर्नल राजदान मकान में मौजूद लोगों से पूछताछ करने के लिए जैसे ही अंदर घुसे उन पर सभी दिशाओं से गोलीबारी शुरू हो गई। लेफ्टिनेंट कर्नल राजदान को जवाबी गोलीबारी का समय नहीं मिला और इसलिए ये उग्रवादियों से भिड़ गए और हाथापाई शुरू कर दी। जैसे ही ये एक उग्रवादी का हथियार छीनने की कोशिश करने लगे उग्रवादी ने लेफ्टिनेंट कर्नल राजदान के हाथ और पेट पर गोली मारकर इन्हें घायल कर दिया। अपने घावों की परवाह न करते हुए लेफ्टिनेंट कर्नल राजदान उग्रवादी का हथियार छीनने में सफल हो गए और उसे मार गिराया। इन्होंने एक अन्य उग्रवादी का भी काम तमाम कर दिया जो कि इन पर गोलीबारी कर रहा था। हालांकि ये गंभीर रूप से घायल हो गए थे फिर भी इन्होंने वहां से हटने से मना कर दिया और संक्रिया का पूरी रात तब तक संचालन करते रहे जब तक कि अंतिम उग्रवादी को वहां से हटा नहीं दिया गया। इनके अदम्य उत्साह और साहस से प्रेरणा पाकर इनके साथी वीरता की भावना से भर गए जिसके परिणामस्वरूप हिजबुल मुजाहिद्दीन के नौ दुर्दान्त पाकिस्तान प्रशिक्षित उग्रवादी मारे गए और उनसे एक यूनिवर्सल मशीनगन, पांच ए के 47/56 राइफलें तथा बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और अन्य सैन्य साज सामान बरामद हुआ।

इस प्रकार लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार राजदान ने दृढ़ संकल्प, कर्तव्यपरायणता असाधारण शौर्य और उच्चकोटि की वीरता का परिचय दिया।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं. 15-प्रेज/96—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "वीर चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. कैप्टन सुनील खोखर (मरणोपरांत)
   (एस एस-34916),
   आर्टिलरी
   (पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 7 मई, 1994)

20 फरवरी, 1994 को 268 मीडियम रेजिमेंट के कैप्टन सुनील खोखर ने जम्मू-कश्मीर में 19856 फुट की ऊंचाई पर स्थित पहलवान प्रेक्षण चौकी पर तैनात किए जाने और 45 दिन की निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी वहां पर तैनात रहने के लिए इच्छा व्यक्त की।

सामरिक महत्व की इस चौकी को हथियाने के लिए शत्रु ने सुनियोजित योजना बनाकर 05 मई, 1994 को प्रात: टोही कार्रवाई की जिसके परिणामस्वरूप दोनों ओर से भीषण गोलीबारी हुई। शत्रु के प्रयासों को नाकाम करने के बाद गश्त लगाकर रात को लगभग 9 बजे शत्रु के शिविर-स्थल का पता लगा लिया गया और उसे तोप से उड़ाने की योजना बनाई गई। 07 मई, 1994 को कैप्टन सुनील खोखर को शत्रु के शिविर पर गोलीबारी करने के लिए बनाए गए दूसरे गश्ती दल में तैनात किया गया था। गश्त पर जाने से पहले ही उस वीर अफसर ने दुश्मन के गुप्त लक्ष्यों का पता लगाना शुरू कर दिया। अपना कार्य करते समय वे शत्रु द्वारा लघु शस्त्रों से की जा रही गोलीबारी में घिर गए। उस वीर अफसर ने उत्कृष्ट साहस का परिचय देकर और अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए शत्रु के गुप्त लक्ष्यों का तब तक पता लगाना जारी रखा जब तक कि शत्रु की गोली से उस पराक्रमी अफसर का असामयिक निधन नहीं हो गया।

इस प्रकार कैप्टन सुनील खोखर ने इस कार्य को पूरा करने में अटूट साहस, व्यवसायिक सूझ-बूझ, समर्पण-भावना, परिपक्वता और असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय देकर अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया ।

2. कैप्टन सुनीत बर्नी
(आई सी-51358),
सिख लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 अप्रैल 1995)

8 अप्रैल, 1995 को सुबह लगभग 7 बजकर 40 मिनट पर दुश्मन की मीरपुर और अपर संजोई चौकियों से नियंत्रण रेखा में लगभग 150 मीटर की दूरी पर स्थित हमारी "हम्प" चौकी पर भीषण गोलीबारी शुरू की गई । कैप्टन सुनीत बर्नी अत्यधिक संवेदनशील "हम्प" चौकी के कमांडर थे ।

जिस समय गोलीबारी चल रही थी कुछ उग्रवादी पश्चिम की ओर से रेंगकर इस चौकी के निकट आ गए और राकेट दागने लगे तथा लघु शस्त्रों से गोलीबारी करने लगे । मीरपुर शिखर पर स्थित दुश्मन की चौकी पर मीडियम मशीनगन से गोलीबारी कर रहे सुनीत बर्नी ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए अकेले ही अपनी मशीनगन को उस ओर मोड़ दिया जिधर से वे दुश्मन की चौकियों से की जा रही भारी गोलीबारी के बावजूद उग्रवादियों द्वारा किए जा रहे राकेटों के प्रहार को कारगर रूप से नाकाम कर सकते थे । उग्रवादियों द्वारा दागा गया एक राकेट कैप्टन बर्नी के निकट आकर गिरा और उसकी किरच उनकी बाईं जांघ में आ लगी । गंभीर रूप से घायल हो जाने के बावजूद कैप्टन बर्नी ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया और उन्होंने उग्रवादियों को गोलीबारी करके तब तक उलझाए रखा जब तक कि उनकी गोलीबारी पर काबू नहीं पा लिया गया और अंततः जब तक कि वे रात लगभग 10 बजे भाग नहीं गए । गंभीर रूप से घायल होने के कारण 9 अप्रैल 1995 को रास्ते में ही रात एक बजकर तीस मिनट पर उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार कैप्टन सुनीत बर्नी ने उत्कृष्ट वीरता और आत्म-बलिदान की भावना का परिचय दिया ।

3. 14701380 हवलदार जोसफ अनल चांग,
2 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 जून, 1995)

हवलदार जोसफ अनल चांग ने नियंत्रण रेखा पर दुश्मन के विरुद्ध कार्रवाइयों में प्रशंसनीय कार्य कर दिखाए हैं । ये एक उत्कृष्ट निशानेबाज हैं और विशेष रूप से 84 मि. मी. आर एल में उत्कृष्ट निशाना लगाते हैं ।

अगस्त 1994 में यूनिट "घातक" दल के हिस्से के रूप में इन्होंने नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी प्रहार संक्रिया के लिए स्वयं को प्रस्तुत किया था और आर एल डिटैचमेंट नं. 1 के कमांडर के रूप में इन्होंने दुश्मन का बंकर सं. 1 पूरी तरह से नष्ट कर दिया था । यह इनका पहला प्रशंसनीय कार्य था जो इन्होंने दुश्मन की 50 मीटर की मौजूदगी में किया था । पुनः 23 मार्च, 1995 को नियंत्रण-रेखा पर हुई गोलीबारी के दौरान इन्होंने अपने आर एल सं. 2 के बाएं सीने में किरच से चोट लग जाने के बावजूद खुले स्थान पर अस्थाई मोर्चे से दुश्मन से प्रभावी रूप से जूझने और उसे शान्त कर देने में सक्रिय भूमिका निभाई । साथ ही, 28 मई, 1995 को जब इनके गश्ती दल को दुश्मन ने उलझा दिया था तो इन्होंने स्वयं लाइट मशीनगन और 2" मोर्टार से गश्ती दल की सुरक्षा के लिए गोलीबारी करके उसे उस स्थिति से मुक्त करा दिया । 6 जून, 1995 को नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी में इन्होंने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए 84 मि.मी. आर एल दागकर दुश्मन के फ्रंट एरिया बंकर को नष्ट कर दिया ।

इस प्रकार, हवलदार जोसफ अनल चांग ने दुश्मन का मुकाबला करने में अदम्य साहस, अटूट आत्मविश्वास, कर्तव्य के प्रति समर्पण भावना, धैर्य और पहलशक्ति का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान
निदेशक

सं. 16-प्रेज/96—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उत्कृष्ट वीरतापूर्ण कार्यों के लिए "शौर्य चक्र" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. 2478430 लांस नायक साधु सिंह, (मरणोपरान्त)
15 पंजाब रेजिमेंट
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 10-7-94)

10 जुलाई, 1994 को जम्मू और कश्मीर में "पोटस" और उसके निकटवर्ती जंगलों के सामान्य क्षेत्र में घेराबंदी और खोजी संक्रिया शुरू की गई थी । 15 पंजाब के सेक्शन कमांडर लांस नायक साधु सिंह ने एक जगह अपना ठिकाना बनाया और दो सशस्त्र उग्रवादियों को वहां देखा । उग्रवादियों ने उनकी टुकड़ी पर गोलीबारी शुरू कर दी फिर भी, उन्होंने स्वचालित हथियारों से की जा रही गोलीबारी के बावजूद उनका पीछा किया ।

लांस नायक साधु सिंह भारी साहस का परिचय देते हुए उस उग्रवादी की ओर बढ़े जो न केवल स्वचालित हथियारों से गोलीबारी कर रहा था बल्कि जिसने हथगोले भी फेंकने शुरू कर दिए थे । वह उग्रवादी घने जंगल तथा बड़े-बड़े पत्थरों की आड़ में छिपने के लिए भाग गया । लांस नायक साधु सिंह ने उस क्षेत्र की निकटता से घेराबंदी की जहां वह उग्रवादी छिपा रहकर गोलीबारी कर रहा था । उन्होंने उस उग्रवादी पर कई हथगोले फेंके । उस दुर्दान्त उग्रवादी को मिटा देने के लिए पूरी तरह से दृढ़संकल्प लांस नायक साधु सिंह ने धावा बोल दिया और उसे मार गिराया । बाद में, पहचान करने पर वह उग्रवादी रफियाबाद के हिजबुल मुजाहिद्दीन का बटालियन प्रशासक निकला । इस उग्र मुठभेड़ में उस गैर कमीशन अफसर ने अपने जीवन का

सर्वोच्च बलिदान किया । इस संक्रिया के परिणामस्वरूप 2 ए के 56 राइफलें, ए के 56 की दस मैगजीन और 5 हथगोलों सहित अन्य गोलाबारूद बरामद किया जा सका ।

इस प्रकार लांस नायक साधु सिंह ने अदम्य साहस और उच्चतम कोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया ।

2. 13691458 नायक इब्राहिम खान,
9 पैरा
(मरणोपरान्त)
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 अगस्त, 1994)

14 अगस्त, 1994 को 9 पैरा कमांडो के एक दल ने अमरनाथ यात्रा में व्यवधान डालने के उद्देश्य से हरकत-उल-अंसार द्वारा भेजे गए किराए के विदेशी उग्रवादियों के एक आत्मघाती दस्ते को खोजकर उसे खत्म करने के लिए कार्रवाई शुरू की। नायक इब्राहिम खान उस दल के सदस्य थे जिसे जम्मू-कश्मीर में 3000 मीटर की ऊंचाई पर स्थित कोन्नूर के सामान्य क्षेत्र में यह कार्य सौंपा गया था ।

यह दल प्रातः 7 बजकर 10 मिनट पर उपर्युक्त सामान्य क्षेत्र में पहुंच गया और उसने बंकर की तरह बनाए गए "गुज्जर बहक" में छिपे हुए उग्रवादियों को चारों ओर से घेर लिया । राकेट लांचरों से बार-बार प्रहार करने पर भी बंकर नष्ट नहीं किया जा सका और खाई में सुरक्षित मोर्चा लिए हुए उग्रवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी । सायं 6 बजे नायक इब्राहिम खान स्वेच्छा से "बहक" में जाने के लिए तैयार हो गए । उस वीर सिपाही ने अदम्य साहस के साथ भारी गोलीबारी की परवाह न करते हुए 35 मीटर चौड़े रास्ते से "बहक" की ओर धावा बोल दिया । कई गोलियां लगने के बावजूद उस बहादुर कमांडो ने "बहक" के निकट पहुंचने तक निरन्तर हमला जारी रखा । नायक इब्राहिम खान अपने दो कमांडो साथियों के साथ छलांग लगाकर "बहक" में घुस गए और उन उग्रवादियों के साथ आमने-सामने की भीषण लड़ाई की जो उस दृढ़-निश्चयी कमांडो की बराबरी नहीं कर सकते थे इसलिए उग्रवादियों को उसकी सर्वोच्च कीमत चुकानी पड़ी । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद नायक इब्राहिम खान ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान करने से पूर्व शेष बचे हुए सभी उग्रवादियों को मार गिराया ।

इस प्रकार नायक इब्राहिम खान ने असाधारण वीरता, दृढ़ निश्चय और आत्म बलिदान की भावना का परिचय दिया ।

3. जेसी-185475 सूबेदार अवतार सिंह,
15 पंजाब रेजिमेंट,
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 अगस्त, 1994)

28 अगस्त, 1994 को जम्मू-कश्मीर के शिरापुरा और बोहिल्याण गांवों में घेराबंदी और खोजी संक्रिया की गई थी ।

सूबेदार अवतार सिंह एक संदिग्ध मकान की घेराबंदी और खोज करने वाले दल का नेतृत्व कर रहे थे । जिस समय खोजकार्य चल रहा था उग्रवादियों ने जिस मकान में वे छिपे हुए थे उसकी बाहरी दीवार में नली जैसी ईंट निकाल दी और वहां से गोलीबारी शुरू कर दी जिससे एक कांस्टेबल सिपाही रेशम सिंह घातक रूप से घायल हो गए । तत्पश्चात उस मकान से दो उग्रवादी घेराबंदी करने वाले दल पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए बाहर की ओर भागे । सूबेदार अवतार सिंह ने भारी साहस का परिचय देते हुए उग्रवादियों पर निकट से प्रभावी गोलीबारी शुरू कर दी । इस गोलीबारी में वे गंभीर रूप से घायल हो गए ।

अत्यधिक घायल होने के बावजूद सूबेदार अवतार सिंह अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए अदम्य साहसपूर्वक दोनों उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे और उनका काम तमाम कर दिया । बाद में पता चला कि वे भाड़े के अफगान उग्रवादी और हिजबुल मुजाहिदीन के बटालियन कमांडर थे । इस संक्रिया के परिणामस्वरूप गोलाबारूद सहित 2 ए के 56 राइफलें और 3 ग्रेनेड बरामद हुए । दुर्भाग्य से सूबेदार अवतार सिंह की घावों के कारण उसी दिन मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार, सूबेदार अवतार सिंह ने भारी प्रतिकूल परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान किया ।

4. 2974070 हवलदार हनुमान प्रसाद सिंह, 27 राजपूत रेजिमेंट

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 4 अक्तूबर, 1994)

4 अक्तूबर, 1994 को मिली विशेष सूचना के आधार पर 27 राजपूत रेजिमेंट ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के एच ई एल (एस टी-19) में स्थित एक गांव में खोज कार्य किया ।

अपराह्न लगभग 3.30 बजे छप्परदार और लकड़ी से बने मकान के अंदर फंसे दो उग्रवादी खिड़की से बाहर की ओर कूदे और मकान के दक्षिण-पश्चिम की ओर बह रहे नाले की तरफ भागे । खोजी दल ने भागते हुए उग्रवादियों पर गोलियां चलाईं किन्तु घने झाड़ियों के कारण उन पर अचूक निशाना नहीं लग सका ।

भागते हुए उग्रवादियों में से एक ने अचानक पीछे की ओर घूमते हुए एक हथगोला फेंका और रुक कर पीछा कर रहे खोजी दल पर लम्बी दूरी तक मार करने वाला विस्फोटक बाण दिया । उग्रवादियों की गोलीबारी से हवलदार हनुमान प्रसाद सिंह की छाती में घाव हो गया । गम्भीर रूप से घायल और लहूलुहान होने के बावजूद हवलदार सिंह ने अपने घाव और व्यक्तिगत सुरक्षा की रत्तीभर भी परवाह किए बिना दोनों खूंखार आतंकवादियों का पीछा कर उन्हें मार गिराया जिससे उनके दल के अन्य साथी हताहत होने से बच गए । बाद में मृत उग्रवादियों में से एक की हिजबुल मुजाहिदीन संगठन के पलटन कमांडर के रूप में शिनाख्त की गई । परन्तु हवलदार हनुमान प्रसाद सिंह को सुरक्षित स्थान पहुंचाए जाने से पूर्व घायल हो जाने के कारण उनकी हेलीपैड पर ही मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार हवलदार हनुमान प्रसाद सिंह ने असाधारण वीरता, उच्च कोटि की कर्तव्यपरायणता और परम देशभक्ति का परिचय दिया ।

5. 4462677 लांस नायक जोगीन्दर सिंह,
सिख लाइट इन्फेंट्री,
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 24 अक्तूबर, 1994)

24 अक्तूबर, 1994 को राष्ट्रीय राइफल्स की दूसरी बटालियन द्वारा एक खोजी एवं मुठभेड़ अभियान की योजना बनाई गई थी । इस अभियान के लिए चार्ली कम्पनी ने सिविल ट्रकों का उपयोग किया ।

जैसे ही यह कम्पनी जम्मू तथा कश्मीर स्थित अनन्तनाग जिले के लिवार गांव से 500 मीटर की दूरी पर पहुंची उन पर गांव के दक्षिण-पश्चिम की ओर के ऊंचे स्थान से बहुत ही नजदीक से गोली-बारी शुरू कर दी गई। इस कम्पनी के जवानों ने तत्काल जवाबी गोली-बारी की । लांस नायक जोगीन्दर सिंह ट्रक से बाहर कूदे और गोली-बारी कर रहे उग्रवादी पर धावा बोल दिया । अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए वे गोलीबारी करते रहे और एक आड़ से दूसरी आड़ तक रेंगकर आगे बढ़ते हुए गोली-बारी कर रहे उग्रवादियों के निकट पहुंच गए ।

जैसे ही वे नजदीक पहुंचे उनकी गरदन पर एक गोली आ लगी गोली से हुए घाव की परवाह न करते हुए लांस नायक जोगीन्दर सिंह आगे बढ़ते हुए उग्रवादियों पर गोली बरसाते रहे। 15-20 मिनट तक जारी रही गोली-बारी में लांस नायक जोगीन्दर सिंह ने बुरी तरह जख्मी होने के बावजूद अदम्य साहस का परिचय देते हुए हिज़बुल मुजाहिद्दीन के दो दुर्दान्त पाक-प्रशिक्षित उग्रवादियों को मार गिराया । गरदन में गोली लगने के बावजूद वे तब तक लगातार उग्रवादियों से जूझते रहे जब तक कि घावों से अत्यधिक खून बह जाने के कारण वीरगति को प्राप्त नहीं हो गए। इस संक्रिया के पश्चात् एक ए.के-47 राइफल, 3 मैगजीन और भारी मात्रा में गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस प्रकार लांस नायक जोगीन्दर सिंह ने उग्रवादियों का मुकाबला करने में अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया और सर्वोच्च बलिदान किया ।

6. कैप्टन संजय चौहान (आई सी-50921),
16 राजपूताना राइफल,
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 अक्तूबर, 1994)

28 अक्तूबर, 1994 को 16 राजपूताना राइफल के क्वार्टर मास्टर कैप्टन संजय चौहान को सूचना मिली कि जम्मू-कश्मीर स्थित कुपवाड़ा जिले के लछमपुरा गांव में प्रतिदिन लगभग 5-6 आतंकवादी आते हैं। कैप्टन चौहान योजना बनाकर अपने दल के साथ उस गांव की ओर चल पड़े ।

लछमपुरा गांव में 29 अक्तूबर, 1994 को पूर्वाह्न 11 बजे उन्होंने 5-6 आतंकवादियों को पहाड़ी के ऊपर चढ़ते देखा । उस अफसर ने अपनी मूल योजना को बदला और भागते आतंकवादियों को रोकने के लिए दौड़े । पहाड़ी की ओर के मार्ग पर इस दल पर आतंकवादियों द्वारा स्वचालित हथियारों से गोलाबारी की गई जिसमें हल्की मशीन गन युक्त कार्मिक घातक रूप से घायल हो गया । उस अफसर ने तत्काल हल्की मशीन गन स्वयं संभाल ली और आतंकवादियों को उलझाते हुए उनमें से एक को तत्काल मार गिराया । यह देखकर जंगल में छिपे आतंकवादियों ने इकट्ठे होकर इस दल को घेर लिया और स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी । कैप्टन संजय चौहान ने यह भांपकर कि आतंकवादी संख्या में काफी अधिक हैं और उन्होंने चारों ओर से घेराबंदी भी कर ली है तो उन्होंने अपने जूनियर कमीशन अफसर दल और 11 अन्य रैंकों को पहाड़ी की ओर लगभग 700 मीटर पीछे जाने का आदेश दिया और स्वयं उनकी सुरक्षा में गोलीबारी करते रहे । वे और उनके दल ने आतंकवादियों को तब तक उलझाए रखा जब तक कि उनका गोलाबारूद समाप्त नहीं हो गया । उन्होंने और उनके साथियों ने दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए आतंकवादियों पर धावा बोल दिया और आमने-सामने की भारी लड़ाई शुरू कर दी । कैप्टन संजय चौहान आतंकवादियों द्वारा की गई गोलियों की बौछार की गिरफ्त में आ गए परन्तु इससे पूर्व उन्होंने भाड़े के विदेशी उग्रवादी अबू मोसा और जिले के लांचि कमांडर रूना को मार गिराया । बाद में घावों के कारण उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार कैप्टन संजय चौहान ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए असाधारण वीरता तथा अनुकरणीय एवं अदम्य साहस का परिचय दिया ।

7. श्री अजय कुमार सिंह,
रांची बिहार,
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 01 दिसम्बर, 1994)

01 दिसम्बर, 1994 को लगभग 3.20 बजे शस्त्रों से लैस दो डकैत रांची बिहार में यूनियन बैंक आफ इंडिया की श्यामली कालोनी शाखा में घुस आए और बंदूक दिखाकर तिजौरी की चाबी और नकदी की मांग करने लगे । उन्होंने उक्त शाखा के कर्मचारियों को धमकी दी कि यदि वे उनके आदेशों का पालन नहीं करेंगे तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे । तत्पश्चात् डकैतों ने कर्मचारियों से कहा कि वे एक कमरे में चले जाएं। दोनों में से एक डकैत ने लेखाकार और रोकड़िया से सुदृढ़ कोष-कक्ष (स्ट्रांग रूम) का दरवाजा और तिजोरी खोलने के लिए मजबूर कर रोकड़िया से सुदृढ़ कोष-कक्ष से समूची धनराशि एक गत्ते के डिब्बे में रखने के लिए कहा। दूसरा डकैत टेलीफोन की तार काटने के बाद जैसे ही सुरक्षा अलार्म की तार काटने लगा तो वह बजने लगा। खतरे को भांपकर डकैत मोटर साइकिल पर भागने का प्रयास करने लगे । इस बीच वहां के कर्मचारियों ने जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया ।

अलार्म सुनकर बैंक के निकटवर्ती मैदान में खेल रहे लगभग 18-20 वर्ष के दो लड़के दौड़ते हुए आए तो उन्होंने देखा कि लुटेरे मोटर साइकिल पर लूटी हुई धनराशि लेकर भाग रहे हैं । उन दोनों में से एक लड़के यानी श्री अजय कुमार सिंह ने

मोटर साइकिल का पीछा कर उसकी पिछली सीट पर बैठे हुए लुटेरे को खींचकर गिराने की कोशिश की । पिछली सीट पर बैठे हुए लुटेरे ने डर पैदा करने के लिए श्री अजय सिंह की तरफ दो-तीन राउण्ड गोलियां चलाईं । इसके बावजूद श्री सिंह ने उन लुटेरों का पीछा करते रहे पर इस बीच लुटेरे ने श्री अजय कुमार सिंह पर गोली चलाकर उसे गंभीर रूप में घायल कर दिया। श्री अजय कुमार सिंह के साथ हुई भिड़न्त में नोटों के कुछ पैकेट गत्ते के डिब्बे से गिर गए । बाद में 80,000/- रुपए की यह राशि बैंक को भेज दी गई । इस भिड़न्त में गंभीर रूप से घायल हुए श्री अजय कुमार सिंह को मकान अस्पताल में पहुंचाया गया परन्तु दुर्भाग्यवश गंभीर रूप से घायल होने के कारण उसी दिन शाम को उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार श्री अजय कुमार सिंह ने लुटेरों को पकड़वाने में अनुकरणीय साहस और उच्च नागरिक भावना का परिचय देकर अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया ।

8. 2683817 लांस नायक राज मल मीणा, 22 ग्रेनेडियर्स
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31-12-94)

दिनांक 31 दिसम्बर, 1994 को 22 ग्रेनेडियर्स ने जम्मू तथा कश्मीर के पुलवामा जिले के चांदगाम गांव में विद्रोहियों के मौजूद होने की सूचना मिलने पर घेराबंदी और खोजी कार्रवाई की ।

सुबह 7 बजकर 10 मिनट पर डेल्टा कम्पनी कमांडर के दल ने दो मंजिले एक मकान विशेष का घेराव किया । लांस नायक राज मल मीणा जोकि मकान में घुसने वाले पहले जवान थे, सीढ़ियों द्वारा पहली मंजिल से दूसरी मंजिल पर पहुंचे । जैसे ही वे दूसरी मंजिल पर मौजूद उग्रवादियों को दिखाई पड़े उग्रवादियों ने उन पर गोली चला दी जिससे लांस नायक राज मल मीणा बाएं कंधे पर गोलियां लगने से घायल हो गए । यद्यपि वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे फिर भी वे अपने पीछे सीढ़ियों पर ऊपर आते साथियों को खतरे में देख उग्रवादियों के निकट तेजी से आगे बढ़े और अपनी स्वचालित राइफल से दो दुर्दान्त सशस्त्र उग्रवादियों को मौत के घाट उतार दिया । इस गोली-बारी में उनकी गर्दन पर भी घाव हो गया । तीसरा उग्रवादी जो कि साथ वाले कमरे में घुसने में सफल हो गया था बाद में खोजी दल द्वारा मारा गया । लांस नायक राज मल मीणा वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाते समय अपने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए । इस मुठभेड़ के परिणामस्वरूप 3 ए के 56 राइफलें, 7 मैगजीनें और भारी मात्रा में गोला बारूद बरामद हुआ ।

इस प्रकार लांस नायक राज मल मीणा ने जिम्मेदारी-पूर्वक कर्त्तव्यपरायणता और अनुकरणीय साहस का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान किया ।

9. जी एम-158407-उस्मान
ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर,
केवल कृष्ण मेहता,
सीमा सड़क विकास मंडल,
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 21 जनवरी 1995)

21 जनवरी, 1995 को परियोजना सेवक की 161 फार्मेशन कटिंग प्लाटून के ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर केवल कृष्ण मेहता को बोका-दोकाजन मार्ग पर 62.1 कि. मी. पर डोजर से चट्टान काटकर सड़क चौड़ी करने के काम पर लगाया गया था। अचानक पहाड़ी के मुहाने से छोटे-छोटे कंकड़ गिरने लगे । इस बीच डोजर चला रहे हवलदार प्रभाकर राव ने आसन्न खतरे से अवगत कराने के लिए सीटी बजाई । केवल कृष्ण मेहता आसानी से अपना डोजर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जा सकते थे । अपने जीवन के आसन्न खतरे के बावजूद उन्होंने डोजर नहीं छोड़ा अपितु उसे चतुराई से सुरक्षित स्थान पर ले जाने की कोशिश करने लगे । खतरनाक क्षेत्र को पार करने से पहले उन पर 5-6 विशाल शिलाखण्ड गिर गए । उन शिलाखण्डों को हटाने के पश्चात् उनका शव आपरेटर की सीट में आमनावस्था में मिला । गर्दन और शरीर का दाहिना हिस्सा कुचले जाने से उनकी तत्काल मृत्यु हो गई । पर डोजर सुरक्षित मिला जिसका दोबारा उपयोग किया गया ।

इस प्रकार ड्राइवर यांत्रिक उपस्कर केवल कृष्ण मेहता ने जान की बाजी लगाकर बहुमूल्य सरकारी सम्पत्ति बचाने का प्रयास करते हुए वीरता, धैर्य और कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

10. 13610845 हवलदार चतरू राम,
7 जाट रेजिमेंट,
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 फरवरी, 1995)

11 फरवरी, 1995 को जाट रेजिमेंट की 7वीं बटालियन ने जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले के बड़ी एथरी गांव में घेराबंदी और खोज-कार्य किया ।

हवलदार चतरू राम मेजर रोहन आनंद के दल में थे । एक मकान में पहुंचते ही खोजी दल, आतंकवादियों द्वारा कई दिशाओं से की जा रही भीषण और प्रभावी गोलीबारी की चपेट में आ गया जिससे हवलदार चतरू राम की पीठ और बाएं कन्धे पर चोटें आईं । उसी समय उन्होंने अपने कम्पनी कमांडर मेजर रोहन आनंद को उस घर की ओर तेजी से जाते हुए देखा जहां से गोलीबारी की जा रही थी । उन्होंने जबाबी गोलीबारी करके अपने कम्पनी कमांडर का बचाव किया । इस कार्रवाई में उनके कम्पनी कमांडर के सुरक्षित बच जाने के बाद वे और अधिक खतरा भांपकर उस मकान के बिल्कुल नजदीक चले गए जिसके परिणामस्वरूप वे और घायल हो गए किन्तु उस दुर्दान्त आतंकवादी को मार गिराने में सफल हो गए जो मकान से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था । बाद की इस गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल होने तथा जान का खतरा होने के बावजूद हवलदार चतरू राम ने इस मुठभेड़ में वीरगति प्राप्त करने से पूर्व एक और

दुर्दान्त आतंकवादी का सफाया कर दिया । इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप 3 ए के-56 राइफलें, 6 मैगजीन तथा भारी मात्रा में गोलाबारूद बरामद हुआ ।

इस प्रकार हवलदार चमन लाल ने वीरोचित साहस, आत्म-बलिदान की भावना और राष्ट्र के प्रति अटूट निष्ठा का परिचय दिया ।

11. जे सी-518045 नायब सूबेदार प्रकाश लाल,
15 डोगरा रेजिमेंट ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 फरवरी, 1995)

14 फरवरी, 1995 को 15 डोगरा के नायब सूबेदार प्रकाश लाल जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा से सरकुली की ओर जाते हुए काफिले के सुरक्षा दल कमांडर थे ।

सरकुली से लौटते हुए नायब सूबेदार प्रकाश लाल सबसे पीछे चल रहे वाहन में थे । खुम्रीग्याल के निकट पहुंचने पर उग्रवादियों के समूह ने कामफ्लाउज विस्फोट उपकरण का उपयोग करते हुए रिमोट कन्ट्रोल की सहायता से आखरी वाहन को उड़ा दिया । इस विस्फोट का प्रभाव इतना शक्तिशाली था कि वाहन के टुकड़े-टुकड़े हो गए और इस वाहन में बैठे सभी पांच कार्मिक मारे गए और नायब सूबेदार प्रकाश लाल के सारे शरीर और चेहरे पर बहुत सी चोटें आ गईं । उनकी एक आंख की रोशनी चली गई तथा दूसरी आंख की रोशनी भी कम हो गई । उग्रवादियों ने भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी । गंभीर घावों के बावजूद ये विनष्ट वाहन से कठिनाईपूर्वक रेंगते हुए बाहर निकले इन्होंने अपना हथियार ढूंढा और अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए जवाबी गोलीबारी करके उग्रवादियों को प्रभावी रूप से उलझाए रखा, यद्यपि घावों के कारण ये कुछ भी देख पाने में असमर्थ हो गए थे । अपनी साहसिक कार्रवाई से ये सहायक सैन्य टुकड़ी आने तक उग्रवादियों से जूझते रहे । जब सहायक सैन्य टुकड़ियां वहां पहुंची तब भी नायब सूबेदार प्रकाश लाल उग्रवादियों के विरुद्ध मोर्चे पर डटे हुए थे । गंभीर घायल अवस्था में होने पर उन्हें वहां से तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया ।

इस प्रकार नायब सूबेदार प्रकाश लाल ने गंभीर चोटों के बावजूद साहस एवं वीरता का परिचय दिया ।

12. 2671799 लांस हवलदार रणपाल सिंह
3 ग्रेनेडियर्स ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 23 फरवरी, 1995)

3 ग्रेनेडियर्स के लांस हवलदार रणपाल सिंह 23 फरवरी, 1995 को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के बनजार गांव में एक घाती दल का नेतृत्व कर रहे थे ।

इन्होंने सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर तीन आतंकवादियों को अपनी ओर आते देखा । लांस हवलदार रणपाल सिंह ने उन्हें आत्मसमर्पण के लिए ललकारा । परन्तु ऐसा करने के बजाय उन आतंकवादियों ने स्वचालित हथियारों से भारी गोलीबारी शुरू कर दी और सामरिक व्यूह-रचना का लाभ उठाने के लिए पास के एक मकान के अन्दर मोर्चा लेने का प्रयास किया । लांस हवलदार रणपाल सिंह ने तुरन्त अपने मोर्चे से निकलकर भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया ताकि वे उस मकान तक न पहुंच सकें । इस कार्रवाई में एक अन्य झोंपड़ी में छिपे हुए आतंकवादियों के दूसरे दल ने पीछे से उन पर ए के राइफल से गोली दाग दी जिससे उनका कन्धा और पीठ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद इस वीर सिपाही ने उन तीन आतंकवादियों पर धावा बोल दिया जो तब तक उस निर्जन मकान में घुस चुके थे । इन्होंने ठोकर मारकर खिड़की खोली और उन आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए मकान के अंदर छलांग लगाई । अन्दर भीषण गोलीबारी हुई और उस निर्जन मकान के अंदर अचानक ही पूर्णतः शांति छा गई । इनके कम्पनी कमांडर मेजर जोध सिंह जैसे ही मोर्चे को सुदृढ़ बनाने के लिए इनकी ओर आए तो इन्होंने देखा कि लांस हवलदार रणपाल सिंह खून से सने हुए, एक आतंकवादी के ऊपर पड़े हुए हैं जबकि दो अन्य मृत आतंकवादी उनके अगल-बगल में पड़े हुए थे ।

इस प्रकार लांस हवलदार रणपाल सिंह ने अत्यंत विकट परिस्थितियों के बावजूद अटल निश्चय, प्रबल इच्छाशक्ति और असाधारण साहस का परिचय दिया ।

13. कैप्टन राकेश शर्मा (आई सी-48774),
मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री, 11 राष्ट्रीय राइफल
(मरणोपरान्त) ।
(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 4 मार्च, 1995)

11 राष्ट्रीय राइफल के कैप्टन राकेश शर्मा जम्मू-कश्मीर स्थित डोडा जिले के भदरवाह क्षेत्र में "स्नो मैन" संक्रिया के अंतर्गत एक सैन्य टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे ।

4 मार्च, 1995 को सामान्य क्षेत्र कोंदेरू में उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में कैप्टन राकेश शर्मा के नेतृत्व में संक्रियारत टुकड़ी ने एक दुर्दांत उग्रवादी अहमद शाह मसूद को मार गिराया । उनकी इस टुकड़ी ने शेष भागते हुए आतंकवादियों का भी पीछा किया तो एक दोमंजिला मकान से उन पर भारी गोलीबारी की जाने लगी । कैप्टन राकेश शर्मा ने तुरंत एक फायर बेस स्थापित कर अवरोध खड़े कर दिए । उन्होंने उग्रवादियों का सफाया करने का प्रयास किया परंतु इस प्रक्रिया में कैप्टन राकेश शर्मा के बाएं कंधे में गोली लगने से वे जख्मी हो गए । जब उन्हें वहां से सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने के लिए कहा गया तो उन्होंने मना कर दिया और उस मकान पर गोलियों की बौछार कर दी जिससे उग्रवादी दुबके-दुबके रह गए । आमने-सामने की इस मुठभेड़ में इस अफसर ने ऐसी जगह मोर्चा ले रखा था जिससे उग्रवादियों द्वारा की जा रही गोलीबारी से उनके दल की रक्षा तो हुई परंतु वे उन्हें निकट से फायर सहायता उपलब्ध नहीं करा सके । अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए उन्होंने उग्रवादियों के गन मोर्चे पर भारी गोलीबारी करके एक अफगान भाड़े के उग्रवादी को वहीं ढेर कर दिया । इससे पूर्व कि वे शेष उग्रवादियों को गोलीबारी करने से रोककर उन पर काबू पा लेते अगले कमरे से

उन पर ए के-56 की एक गोली आ लगी । कैप्टन राकेश ने अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी चिंता न करते हुए उस मकान पर गोलियों की बौछार शुरू कर दी और एक अन्य भाड़े के विदेशी उग्रवादी का काम तमाम कर दिया । दुर्भाग्यवश उनकी गर्दन में नाभि और एक बालक गोली आ लगी और बाद में घावों के कारण अपराह्न 4 बजे उनकी मृत्यु हो गई । इस मुठभेड़ के परिणामस्वरूप तीन उग्रवादी मारे गए और उनसे तीन ए के-56 राइफलें और चार मैगजीनें बरामद की गईं ।

इस प्रकार, कैप्टन राकेश शर्मा ने अपने जीवन का बलिदान कर उच्चकोटि की कर्तव्यनिष्ठा और अनुकरणीय साहस का परिचय दिया ।

14. 4184438 सिपाही भगवान सिंह, कुमाऊं रेजिमेंट
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 31 मार्च, 1995)

31 मार्च, 1995 को श्रीनगर की कंगन तहसील के गंगाबाग गांव में सक्रियाशील सैन्य दल उग्रवादी टोलियों से भारी मात्रा में स्वचालित हथियारों से की गई अचूक गोलीबारी से घिर गया जिससे इस दल का आगे बढ़ना रुक गया ।

13 राष्ट्रीय राइफल्स के सिपाही भगवान सिंह इस प्रतिक्रिया दल के सदस्य थे । ध्यानपूर्वक देखने पर उन्होंने पाया कि दो आतंकवादी उनसे 20 मीटर की दूरी से एक बड़े पत्थर के पीछे से गोलियां चला रहे थे । सिपाही भगवान सिंह ने अपने आगे बढ़ने की प्रक्रिया के दौरान अपने "बडी" से सुरक्षा में गोली चलाने को कहा और बाईं ओर से आगे बढ़कर भाला खोलते हुए उस आतंकवादी को पूरी तरह से हैरानी में डाल दिया जिसने अंधाधुंध गोलीबारी करके उनकी बाईं जांघ और घुटना जख्मी कर दिया था । घायल होने के बावजूद सिपाही भगवान सिंह ने आतंकवादी को मार गिराया । उसी समय तलाशी कर रहे एक अन्य आतंकवादी ने सिपाही भगवान सिंह पर अत्याधिक निकटता से गोली दागकर उनके पेट, आंख और बाईं हाथ को घायल कर दिया । गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सिपाही भगवान सिंह भारी साहस का परिचय देते हुए रेंगकर दस मीटर तक आगे बढ़े और वीरगति प्राप्त होने से पूर्व एक हथगोला फेंककर दूसरे आतंकवादी का काम तमाम कर दिया ।

इस प्रकार सिपाही भगवान सिंह ने आतंकवादी का मुकाबला करने में असाधारण साहस और कर्तव्यपरायणता का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान किया ।

15. जे सी–177912 सूबेदार प्रेम चन्द शर्मा, 26 पंजाब रेजिमेन्ट
(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 03 अप्रैल, 1995)

3 अप्रैल, 1995 को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के उल्टरा गांव में एक आतंकवादी को गिरफ्तार करने के लिए एक घेराबंदी और खोजी अभियान चलाया गया ।

गिरफ्तार आतंकवादी उस मकान को दिखाने के लिए सहमत हो गया जिसमें तीन और आतंकवादी छिपे हुए थे । अपराह्न 2 बजकर 30 मिनट पर सूबेदार प्रेम चंद शर्मा अपने दल के साथ उस मकान की ओर जा ही रहे थे कि वे इसी बीच साथ वाले मकान में घुसे तीन आतंकवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलाबारी की चपेट में आ गए ।

अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना सूबेदार शर्मा ने अनुकरणीय नेतृत्व का परिचय देते हुए आगे बढ़ती हुई सैन्य टुकड़ी को सुरक्षा प्रदान कर उनकी जान बचाई किंतु इस कार्रवाई में उनके पेट के निचले हिस्से में गोली आ लगी । यह भांपते हुए कि आतंकवादी भाग सकते हैं, गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद सूबेदार शर्मा ने असीम वीरता का परिचय देते हुए उस मकान पर धावा बोल दिया और हथियारों से पूरी तरह लैस तीन दुर्दान्त आतंकवादियों तथा जमायत-उल-मुजाहिदीन के प्रमुख को मार गिराया । इस कार्रवाई के बाद वे बेहोश हो गए जिन्हें तुरन्त प्राथमिक चिकित्सा दी गई पर बाद में बेस अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार सूबेदार प्रेमचन्द शर्मा ने दृढ़ निश्चय, अनुकरणीय नेतृत्व और आत्म-बलिदान की भावना का परिचय दिया ।

16. कैप्टन हरदीप सिंह (आई सी–50927), से. मे., 2 जम्मू-कश्मीर राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 अप्रैल, 1995)

13 अप्रैल, 1995 को 2 जम्मू-कश्मीर राइफल के कैप्टन हरदीप सिंह जम्मू-कश्मीर की तराल घाटी के पहाड़ी सीमान्त क्षेत्र में एक गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे ।

पूर्वाह्न लगभग साढ़े ग्यारह बजे जिस समय गश्ती दल नरस्थान गांव के उत्तर की चढ़ाई चढ़ रहा था, उन पर ऊपर की ओर से तीन आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी । कैप्टन हरदीप सिंह ने तेजी से स्थिति को भांपते हुए गश्ती दल को इस प्रकार तैनात किया कि उग्रवादियों के निकल भागने के मार्ग बन्द कर दिए । इन्होंने अपने पश्चिम में सक्रियारत 23 पंजाब की एक कम्पनी को भी ऐसा ही करने की सूचना दे दी । जिन आतंकवादियों ने बड़े पत्थरों के पीछे मोर्चा ले रखा था उन्होंने भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी । इससे तनिक भी विचलित हुए बिना कैप्टन हरदीप सिंह ने अपने कार्मिकों को एकत्र किया और आगे चल पड़े । दो आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी जिससे गश्ती दल का आगे बढ़ना रुक गया । यह देखकर कैप्टन हरदीप सिंह अपने रेडियो आपरेटर के साथ आतंकवादियों से 50 मीटर के क्षेत्र में बाज से होते हुए रेंगकर आगे बढ़े । आतंकवादियों ने उन्हें ऐसा करते देख लिया और उन पर गोली चला दी । कैप्टन हरदीप सिंह के सीने में गोली आ लगी । अपने गंभीर घाव की परवाह न करते हुए इस अफसर ने अप्रतिम साहस एवं वीरता का परिचय देते हुए दोनों आतंकवादियों को मार गिराया । बाद में कैप्टन हरदीप सिंह द्वारा बुलाई गई 23 पंजाब की कम्पनी ने कार्रवाई करके तीसरे आतंकवादी का भी काम तमाम कर दिया ।

इस प्रकार, कैप्टन हरदीप सिंह ने असाधारण नेतृत्व एवं वीरता और उच्चकोटि की संघर्ष भावना का परिचय दिया ।

17. कैप्टन जितेन्द्र कुमार (आई सी–51532),
3 ग्रेनेडियर्स

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 अप्रैल, 1955)

कैप्टन जितेन्द्र कुमार जम्मू-कश्मीर के गांव राजा राम दी लड़ी में 3 ग्रेनेडियर्स की "बी" कम्पनी की कमान कर रहे थे ।

29 अप्रैल, 1995 को सुबह 9 बजकर 50 मिनट पर यह सूचना मिलने पर कि राजा राम दी लड़ी गांव में कम दिखाई पड़ने की स्थिति होने के कारण 10 उग्रवादियों से हुई मुठभेड़ में केवल दो उग्रवादी ही मारे जा सके हैं, इस अफसर ने गहन सामरिक विवेक का परिचय देते हुए राजा राम दी लड़ी में छापामार दल के कमांडर को आदेश दिया कि वे गोलीबारी करके शेष उग्रवादियों को उलझाए रखें ताकि उग्रवादियों को नरकी बैल्क छापामार स्थल की ओर धकेला जा सके । ये तत्काल नरकी बैल्क की ओर चल पड़े और नरकी बैल्क छापामार दल के कमांडर को आदेश दिया कि उन उग्रवादियों को गोलीबारी में उलझाए रखें जिन्हें कि उनके छापामार स्थल की ओर जाने पर विवश किया गया है । इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप तीन और उग्रवादी मारे गए। शेष पांच उग्रवादियों ने जब स्वयं को फंसा हुआ पाया तो गोलीबारी की हद से बाहर निकलने के लिए वे नाले के साथ-साथ ऊपर की ओर भागने लगे । कैप्टन जितेन्द्र कुमार उग्रवादियों से छिपकर उन्हें धोखे में रखते हुए अपने पांच अन्य रैंकों के साथ उनसे भी अधिक तेजी से आगे बढ़े और ऊपर की ओर जाकर उग्रवादियों पर गोलियों की बौछार करके धावा बोल दिया और उन पांचों को मार गिराया । बाद में उनकी पहचान भाड़े के अफगान उग्रवादियों के रूप में की गई ।

इस प्रकार, कैप्टन जितेन्द्र कुमार ने अदम्य साहस, दृढ़संकल्प और उच्चकोटि के नेतृत्व के गुणों का परिचय दिया ।

18. जी एस-159668-डब्ल्यू डिलर वामनन के. सीमा सड़क विकास मण्डल

(मरणोपरान्त)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 मई, 1995)

परियोजना बीकन की 118 सड़क निर्माण कम्पनी के डिलर वामनन के जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद से ग्रस्त डोडा जिले में गलहर-संसारी सड़क पर कार्यरत थे । गलहर-संसारी सड़क का 46 से 54 कि. मी. तक का क्षेत्र बहुत ही खतरनाक है जहां चेतावनी दिए बिना चट्टानें गिरती रहती हैं । इस क्षेत्र में चट्टानों के गिरते रहने से सीमा सड़क संगठन के कई सैनिक और दिहाड़ी मजदूरों ने अपनी जान गंवाई है । तथापि, डिलर वामनन के. ने अगस्त 1994 में इस क्षेत्र में पहुंचने के बाद से खुशी से वहां पर डिलिंग कार्य की चुनौती स्वीकार की । नवम्बर, 1994 में वे मार्ग में लुढ़कते हुए शिलाखण्ड की चपेट में आने से अपने जैक हैमर समेत घाटी में गिर गए जिससे उन्हें मामूली चोटें लग गईं । इसके बावजूद वे स्वेच्छा से इस क्षेत्र में कार्य करते रहे और उन्होंने यह कार्य दृढ़ निश्चयपूर्वक और अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किए बिना पूरा किया ।

06 मई, 1995 को डिलर वामनन के. अपने दल के 5 दिहाड़ी मजदूरों के साथ 47.9 कि. मी. पर डिलिंग कार्य कर रहे थे । लगभग 15.50 बजे सतर्क रहने की चेतावनी सुनाई पड़ने पर डिलर वामनन ने अपने दल पर एक विशाल शिलाखण्ड गिरते देखा। समय बहुत कम था इसलिए उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना मजदूरों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए उन्हें आगे बढ़ाना शुरू कर दिया क्योंकि वे व्याकुल एवं भयभीत थे । वे तीन मजदूरों को ही सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ा पाए थे कि इतने में गिर रहे एक शिलाखण्ड ने उन्हें और उनके दो साथियों को कुचल डाला जिससे उन तीनों की वहीं पर मृत्यु हो गई ।

इस प्रकार डिलर वामनन के. ने असाधारण वीरता, निःस्वार्थ सेवा, दृढ़ निश्चय का परिचय देकर अपने साथियों की जान बचाने में अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान किया ।

19. विंग कमांडर अजीत सिंह स्नेच, वा. मै. (13812)
(उड़ान पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 जून, 1995)

विंग कमांडर अजीत सिंह को 2 मई, 1994 को एक हैलीकाप्टर के कमान अफसर के रूप में सैनात किया गया था ।

15 जून, 1995 को विंग कमांडर अजीत सिंह को मशीमपुर से तीन हताहतों को हैलीकाप्टर से लाने का काम सौंपा गया था । इन हताहतों में से एक सेना के मेजर थे जिनकी रीढ़ की हड्डी में गोली लग गई थी और शरीर का निचला भाग निष्क्रिय हो गया था । इन्हें तत्काल तंत्रिका शल्य चिकित्सक द्वारा चिकित्सा देने की आवश्यकता थी । विंग कमांडर अजीत सिंह ने जब दोपहर बाद साढ़े चार बजे बेस से उड़ान भरी तो उस समय मौसम सामान्य था । मशीमपुर हैलिपेड पर उतरने के बाद इन्हें बताया गया कि रोगियों के बचने की संभावना कम है, इन्होंने पर्याप्त समय तक बाद भरी जाएगी । यह देखते हुए कि सड़क मार्ग से जाने पर रोगियों के बचने की संभावना कम है, इन्होंने पर्याप्त समय तक प्रतीक्षा करने का निर्णय लिया, यद्यपि अंधेरा छा गया था और मौसम खराब हो गया था । जब रोगी शाम के समय लगभग पौने आठ बजे वहां पहुंचे तो वहां का सम्पूर्ण क्षेत्र भारी आंधी-तूफान की गिरफ्त में आ चुका था और अधिक देरी करने से रोगियों की मौत लगभग निश्चित दिखाई दे रही थी, अतः विंग कमांडर अजीत सिंह ने गहरे अंधेरे में डूबी हैलिपेड से उड़ान भरी । अत्यन्त प्रतिकूल और कष्टकर परिस्थितियों में इन्होंने रात नौ बजकर बीस मिनट पर खुम्बीराम में अपना हैलिकाप्टर सुरक्षित रूप से उतार दिया और हताहतों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने का कार्य पूरा किया ।

इस प्रकार, विंग कमांडर अजीत सिंह स्नेच ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए साहस, दृढ़ संकल्प और समर्पण भावना का परिचय दिया ।

20. विंग कमांडर हरजिन्दर पाल सिंह नत. वा. से. (14281 के) उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 सितम्बर, 1995)

विंग कमांडर हरजिन्दर पाल सिंह 10 मई, 1993 से वायु सेना की 30 विंग में स्थित एम आई-17 हेलिकाप्टर यूनिट की कमान कर रहे हैं ।

सितम्बर के दौरान हरियाणा, पंजाब और हिमाचल प्रदेश व्यापक रूप से विनाशकारी बाढ़ की चपेट में आ गए । बाढ़पीड़ितों को सहायता प्रदान करने के लिए हेलिकाप्टरों का इस्तेमाल किया गया । 12 सितम्बर, 1995 को कुल्लू के उत्तरी भाग में भारी भूस्खलन हुआ जिससे तेज बहली नदी में बहुत से सिविलियन फंस गए । यह सूचना पाकर विंग कमांडर नत चीता हेलिकाप्टर डिटेचमेंट के कमांडिंग अफसर विंग कमांडर मान के साथ चीता हेलिकाप्टर में घटना-स्थल पर पहुंचे । आस-पास बिजली और टेलिफोन के तार होने से बचाव कार्य में बाधा आई। ऐसी परिस्थिति में विंग कमांडर नत एक बड़ी चट्टान पर उतर गए और दरवाजे हटाने के लिए हेलिकाप्टर कुल्लू लौट गया ताकि बचाव-कार्य सुविधाजनक ढंग से किया जा सके ।

जैसे ही हेलिकाप्टर वापस आया विंग कमांडर नत ने बचाव-कार्य करना शुरू कर दिया और हेलिकाप्टर की स्किडों पर खड़े होकर तेज बहती व्यास नदी से दो जीवित व्यक्तियों को बाहर निकाला । यह कार्य करते हुए विंग कमांडर नत ने इस वीरतापूर्ण कार्य के लिए योजना बनाई और उसे मूर्त रूप देने में असाधारण सूझबूझ का परिचय दिया । बचाव-कार्य के दौरान हर समय खतरनाक स्थिति होने पर भी ये हजारों फंसे हुए लोगों, जिन्होंने बचाव कार्य के दौरान और उसके बाद इन्हें शाबाशी दी, की जिंदगी में लटके रहे । वैयक्तिक उपलब्धियों के अलावा, इनके द्वारा किया गया बचाव-कार्य वायुसेना की उच्च परम्पराओं के अनुरूप है जो "आसमान से आया फरिश्ता" युक्ति को सिद्ध करता है ।

इस प्रकार, विंग कमांडर हरजिन्दर पाल सिंह नत ने अपनी सुरक्षा की रंचमात्र भी परवाह किए बिना साहस, दृढ़ निश्चय और समर्पण-भावना का परिचय दिया ।

21. विंग कमांडर रविन्द्र सिंह मान (15434) उड़ान (पायलट)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 12 सितम्बर, 1995)

विंग कमांडर रविन्द्र सिंह मान 17 जुलाई, 1995 से 131 एफ ए सी फ्लाइट में कमांडिंग अफसर के रूप में तैनात हैं ।

इन्हें 6 सितम्बर, 95 को बाढ़ से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त एस ए एस ई के बाढ़ में फंसे कार्मिकों के बचाव और राहत कार्य के लिए मनाली से तीन हेलिकाप्टरों की टुकड़ी का संचालन करने का कार्य सौंपा गया था । इन्होंने यह कार्य अपनी यूनिट के अन्य पायलटों के साथ व्यावसायिक कुशलता से किया । इस तैनाती के दौरान 12 सितम्बर को 1330 बजे विंग कमांडर मान को कुल्लू के उपायुक्त से यह सन्देश मिला कि कुल्लू की उत्तरी दिशा में 4 कि. मी. की दूरी पर भारी भू-स्खलन हुआ है इसलिए जान और माल की क्षति का आकलन करने के लिए हवाई सर्वेक्षण करने की आवश्यकता है । ये स्थिति की गम्भीरता भांपकर अपने चीता हेलिकाप्टर में विंग कमांडर नत को साथ लेकर घटनास्थल की ओर चल पड़े घटनास्थल पर पहुंचने पर इन्होंने देखा कि एक धंसी हुई जगह में भू-स्खलन हो गया जिससे नदी ने अपना रास्ता बदल दिया । उस जगह के चारों तरफ बिजली और टेलीफोन की आड़ी-तिरछी केबिलें लगाई गई थीं । हवाई सर्वेक्षण के दौरान इन्होंने देखा कि दो जीवित व्यक्ति नदी में डूबे हुए शिलाखण्डों को पकड़े हुए हैं। इन्होंने उन व्यक्तियों को बचाने के लिए तेज बहती नदी के बीच स्थित एक छोटे से टापू पर हेलिकाप्टर को उतारने का प्रयास किया परन्तु ये विशाल शिलाखण्डों, लम्बे वृक्षों और तारों के कारण उन्हें बचा नहीं सके । इन्होंने तत्परता से स्थिति भांपकर नदी में फंसे दो व्यक्तियों को खींचकर बाहर निकालने का एकमात्र निर्णय लिया परन्तु इसके लिए हेलिकाप्टर के दरवाजे हटाए जाने थे। विंग कमांडर मान, विंग कमांडर नत को टापू से जीवित व्यक्तियों की ओर ले गए । हेलिकाप्टर बड़ी सावधानी और व्यवस्थित ढंग से जीवित व्यक्तियों के समीप पहुंचकर धीरे-धीरे आगे बढ़ा और अपने स्किड को पानी में छुआते हुए नीचे आ गया । विंग कमांडर नत पायलट की सीट पकड़कर स्किड पर खड़े हो गए और तेज बहती नदी से जीवित व्यक्तियों को खींच कर हेलिकाप्टर में ले आए । यह सफलता तीसरी बार प्रयास करने पर मिली । दोबारा दूसरे जीवित व्यक्ति को भी खींचकर हेलिकाप्टर में ले आए ।

इस प्रकार विंग कमांडर रविन्द्र सिंह मान ने उच्च व्यावसायिक कुशलता एवं असाधारण कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया ।

गिरीश प्रधान, निदेशक

सं. 17-प्रेज/96.—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी परम असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "परम विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं

1. लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश कुमार शर्मा (आई सी-11517), अ. वि. से. मे, कवचित कोर ।

2. लेफ्टिनेन्ट जनरल वेद प्रकाश मलिक, (आई सी-11537), अ. वि. से. मे. इफैन्ट्री ।

3. लेफ्टिनेंट जनरल विमल सिंघल (आई सी-10401), इंजीनियर्स ।

4. लेफ्टिनेंट जनरल नील रत्न खन्ना, (आई सी-10443), इंजीनियर्स ।

5. लेफ्टिनेंट जनरल कुलबीर सूरी, (आई सी-11009), बी एस एम, आर्टिलरी ।

6. लेफ्टिनेंट जनरल दीपक अजवानी, (आई सी-11023), वि. से. मे. इंजीनियर्स ।

7. लेफ्टिनेंट जनरल केविन लुइस डीसूजा (आई सी-11507), अ. वि. से. मे. ए. डी. सी. यंत्रीकृत इंफैंट्री ।

8. लेफ्टिनेंट जनरल पुरुषोत्तम दास भार्गव (आई सी-11577), अ. वि. से. मे. सिगनल्स ।

9. लेफ्टिनेंट जनरल प्राण कृष्ण पाहवा (आई सी-11628), हवाई रक्षा आर्टिलरी ।

10. लेफ्टिनेन्ट जनरल ओम प्रकाश कौशिक (आई सी-11689), अ. वि. से. मे, वि. से. मे. इंफैंट्री (सेवा निवृत्त) ।

11. लेफ्टिनेन्ट जनरल मोहिन्द्र वालिया (आई सी-11830), अ. वि. से. मे, से. मे. इंफैंट्री ।

12. लेफ्टिनेंट जनरल वेंकटेश माधव पाटिल (आई सी-11885), अ. वि. से. मे. आर्टिलरी ।

13. लेफ्टिनेंट जनरल अपूर्व कुमार सेनगुप्ता (आई सी-11942), अ. वि. से. मे. कवचित कोर ।

14. लेफ्टिनेन्ट जनरल कुलवन्त सिंह मान, (आई सी-12027), इंफैंट्री ।

15. लेफ्टिनेन्ट जनरल रवि इन्द्र सिंह कहलों (आई- सी-12048), उ. यु. से. मे, अ. वि. से. मे ग्रेनेडियर्स ।

16. लेफ्टिनेंट जनरल राम दास मोहन (आई सी-12584), अ. वि. से. मे. वि. से. मे. मद्रास ।

17. लेफ्टिनेंट जनरल नरेन्द्र कुमार कपूर (आई सी-11536), अ. वि. से. मे. इंफैंट्री ।

18. लेफ्टिनेंट जनरल अमरजीत सिंह परमार (आई सी-10063), आर्टिलरी ।

19. लेफ्टिनेंट जनरल हरबंश लाल गुलाटी (एम आर-01476), सेना चिकित्सा कोर (सेवानिवृत्त) ।

20. वाइस एडमिरल विष्णु भगवत, अ. वि. से. मे. 00387-बी ।

21. वाइस एडमिरल प्रेमवीर सरन दास, उ. यु. से. मे. वि. से. मे. 00393-टी ।

22. वाइस एडमिरल कैलाश कुमार कोहली, अ. वि. से. मे. 00407-जेड ।

23. एयर मार्शल मोहिन्दर कुमार आनन्द, वा. मे. (5498) प्रशासन (सेवानिवृत्त) ।

24. एयर मार्शल शारदकुमार रामकृष्णा देशपाण्डे, अ. वि. से. मे. (5694), उड़ान (पायलट) ।

25. एयर मार्शल दीनानाथ रामचन्द्र नाडकर्णी अ. वि. से. मे. वा. मे. (5587) उड़ान (पायलट) (सेवा-निवृत्त) ।

26. एयर मार्शल शिव नाथ राठौर, अ. वि. से. मे. वा. मे. (5580) उड़ान (नेवीगेटर) (सेवानिवृत्त) ।

27. एयर मार्शल मोखियान्दाथिनाथा उथाया, (5627) वैमानिक इंजीनियरी (इलेक्ट्रानिकी) (सेवानिवृत्त) ।

28. एयर मार्शल जनक कपूर, वि. से. मे. (5585), उड़ान (पायलट) ।

गिरीश प्रधान, निदेशक

सं. 18-प्रेज/96—राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनकी अति असाधारण कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए "अति विशिष्ट सेवा मेडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

1. लेफ्टिनेंट जनरल अमर नाथ सिन्हा, (आई सी-11870), इंजीनियर्स ।

2. मेजर जनरल गुरदीप सिंह, (आई सी-11513), से. मे. डोगरा रेजिमेंट ।

3. मेजर जनरल मलविन्दर सिंह शेरगिल, (आई सी-13152), वीरचक्र, कवचित कोर ।

4. मेजर जनरल आर. पी. रामाचन्द्र नायडू, (आई सी-13169), वि. से. मे. गोरखा राइफल्स ।

5. मेजर जनरल हर रणजीत सिंह कल्कट, (आई सी-13193), मराठा लाइट इंफैंट्री ।

6. मेजर जनरल अविनाश चन्द्र शर्मा, (आई सी-13260), वि. से. मे. सेना आयुध कोर ।

7. मेजर जनरल विजय लाल (आई सी-13306), सेना आयुध कोर ।

8. मेजर जनरल सोमायन्द्रा कालप्पा करियप्पा, (आई सी-13548), यु. से. मे. आर्टिलरी ।

9. मेजर जनरल पंकज शिवराम जोशी, (आई सी-13720), वि. से. मे. यंत्रीकृत इंफैंट्री ।

10. मेजर जनरल शिवाजी श्रीपति पाटिल, (आई सी-13799), उ. यु. से. मे. पैरा (सेवानिवृत्त) ।

11. मेजर जनरल रोस्तम कैखुशरू नानावती, (आई सी-13878), उ. यु. से. मे. गोरखा राइफल्स ।

12. मेजर जनरल सतीश चन्द्र चोपड़ा, (आई सी-13963), वि. से. मे. राजपूताना राइफल्स ।

13. मेजर जनरल विक्रम लक्ष्मण गुजीकर, (आई सी-14006), वि. से. मे. मराठा लाइट इंफैंट्री ।

14. मेजर जनरल जायसवाल रामानन्द, (एम आर-01515), सेना चिकित्सा कोर ।

15. मेजर जनरल खर्ब राम मेहर, (वी-168), रिमाउंट एवं पशु-चिकित्सा कोर ।

16. मेजर जनरल कमल नयन मिश्र, (आई सी-20306), जज एडवोकेट जनरल विभाग ।

17. मेजर जनरल सुरिन्दर पाल जैन, (आई सी-11898), इंफैंट्री (सेवा निवृत्त) ।

18. मेजर जनरल श्रीकान्त विठ्ठलराव श्रीखण्डे, (आई सी-12072), आर्टिलरी (सेवा निवृत्त) ।

19. मेजर जनरल नरेश विज, (आई सी-12365), वैद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियरी (सेवा निवृत्त) ।

20. मेजर जनरल रमेश कुमार कौशल, (आई सी-12653), वि. से. मे., सेना आयुद्ध कोर (सेवा निवृत्त) ।

21. मेजर जनरल कृष्ण वल्लभ झल्लियाल, (आई सी-13450), वैद्युत एवं यांत्रिक इंजीनियरी (सेवा निवृत्त) ।

